सी0आई0डी0 मेघालय एवं गठित जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में मो0 आलम से निदेशालय पत्रांक 6503 दिनांक 18.08.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा तर्क दिया गया है कि इन्हें विश्वविद्यालय के कर्मचारी द्वारा बताया गया है कि वर्ष 2010 से वर्ष 2013 तक पी0एच0डी0 डिग्री को खारिज किया गया है, डिप्लोमा अथवा कोई भी टेक्नीकल पाठ्यक्रम बंद नहीं था और न ही बंद है।

सी0आई0डी0, मेघालय से प्राप्त सूचना एवं जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन तथा मो0 आलम से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि शिक्षा विभाग, मेघालय सरकार द्वारा दिनांक 31.03.2014 को निर्गत आदेश में विश्वविद्यालय को विषयवार भंग नहीं किया गया है अपितु पूर्ण रूप से भंग कर दिया गया है। साथ ही इनके द्वारा नियोजन में समर्पित औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं उक्त पद हेतु किए गए आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट हो रहा है कि इनका औपबंधिक प्रमाण पत्र दिनांक 21.05.2019 को शिलांग से निर्गत है जबकि उक्त पद हेतु इनके द्वारा दिनांक 20.03.2019 को ही आवेदन किया गया है। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा फर्जी तरीके से नियोजन प्राप्त किया गया है।

अतः फर्जी तरीके से नियोजन प्राप्त करने के फलस्वरूप Terms of Assignment की कंडिका – 4(vi) में निहित प्रावधान के आलोक में मो0 एजाज आलम, विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 15/12/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9247 पटना, दिनांक :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– मो0 एजाज आलम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00462) पिता–मो0 जैन मोहम्मद, ग्राम– पियानो, पोस्ट–अनवल, थाना–कोपा, जिला–सारण को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9247 पटना, दिनांक :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि मो0 आलम से सभी अभिलेख/दस्तावेज तुरन्त प्राप्त करते हुए प्रावधानित नियम के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9247 पटना, दिनांक :– 15/12/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत R2R में संधारित मो0 आलम की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 15/12/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप